**सं. 25-10/2004/डीडी-III/एनआई (आरसीआई)**

**भारत सरकार**
**दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग**
**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**
**डीआईआर अनुभाग**
*****

5वां तल, बी विंग, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन,
सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003
दिनांक: अगस्त, 2026

**परिपत्र**

**विषय: अध्यक्ष, भारतीय पुनर्वास परिषद (आरसीआई), नई दिल्ली की नियुक्ति।**

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत भारतीय पुनर्वास परिषद (आरसीआई) के अध्यक्ष पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**1. पद का नाम:** अध्यक्ष, भारतीय पुनर्वास परिषद (आरसीआई)

**2. मुख्यालय:** नई दिल्ली

**3. नियुक्ति की अवधि:** नियुक्ति की तारीख से दो वर्ष, या जब तक उत्तराधिकारी की विधिवत नियुक्ति नहीं हो जाती, इनमें से जो भी अधिक हो।

**4. आयु सीमा:** आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**5. शैक्षणिक योग्यता:**

**(क) अनिवार्य:** पुनर्वास, दिव्यांगता या विशेष शिक्षा के क्षेत्र में प्रोफेशनल योग्यता के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक।

**(ख) वांछनीय:** सामाजिक कार्य में स्नातकोत्तर डिग्री / प्रबंधन में डिग्री / विधि में डिग्री।

**6. अनुभव:** पुनर्वास, दिव्यांगता या विशेष शिक्षा के क्षेत्र में निम्नलिखित विनिर्दिष्ट स्तर पर कार्य कर रहे संगठनों में कार्यरत हो अथवा उनमें कार्य किया हो:-

(क) केंद्र/राज्य सरकार/पीएसयू/अर्ध-सरकारी स्वायत्त निकाय में ग्रुप 'ए' स्तर के पद पर 20 वर्ष तक कार्य किया हो;

**अथवा**

(ख) किसी पंजीकृत राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय स्तर के स्वैच्छिक संगठन या किसी प्रतिष्ठित निजी क्षेत्र के संगठन में - उसके प्रमुख के रूप में या अन्य वरिष्ठ स्तर के पद पर न्यूनतम 20 वर्षों तक कार्य किया हो;

**अथवा**

(ग) किसी शैक्षणिक संस्थान में - न्यूनतम 5 वर्षों तक प्रोफेसर के रूप में कार्य किया हो तथा न्यूनतम दो वर्षों तक विभागाध्यक्ष/डीन/संस्थान के प्रमुख के रूप में कार्य किया हो।

**7. भत्ते:** मासिक भत्ता एवं महंगाई भत्ता: रु. 65000/- प्रतिमाह।

**8. आवेदन प्रक्रिया:**

(i) उपरोक्त पैरा 5 और 6 में उल्लिखित पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवार निर्धारित प्रपत्र में, समर्थित दस्तावेजों के साथ आवेदन, **श्री सुल्तान सिंह मीना, अवर सचिव, भारत सरकार, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, कमरा नंबर 520, 5वां तल, पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली -110003** को एंप्लॉयमेंट न्यूज़/रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 21 दिनों के भीतर भेज सकते हैं।

**नोट: अधूरे आवेदन या बिना समर्थित दस्तावेजों वाले आवेदन या ऐसे अग्रिम आवेदन, जिनके बाद उचित माध्यम से आवेदन नहीं भेजे गए हों, या अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों को सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जाएगा और इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा/विचार नहीं किया जाएगा।**

(ii) जिन उम्मीदवारों ने पिछली बार भारतीय पुनर्वास परिषद (आरसीआई) के अध्यक्ष पद के लिए आवेदन किया था, उन्हें पुनः आवेदन करना होगा।

(iii) जांच-सह-चयन समिति योग्यता के आधार पर किसी ऐसे अन्य व्यक्ति की पहचान करने और उसकी सिफारिश करने के लिए भी स्वतंत्र है, जिसने पद के लिए आवेदन नहीं किया है।

(iv) आवेदन पत्र https://depwd.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

9. अधिक जानकारी के लिए, आरसीआई की वेबसाइट (https://rehabcouncil.nic.in/) देखी जा सकती है।

*****

**अध्यक्ष, भारतीय पुनर्वास परिषद (आरसीआई) की**
**नियुक्ति के लिए आवेदन प्रपत्र**

उम्मीदवार का फोटो

1. (क) पूरा नाम (बड़े अक्षरों में):

(ख) पता

(ग) टेलीफोन नंबर_______________(का.)____________(आ.)________(मोबाइल)________

(घ) ई-मेल आईडी

2. जन्म तिथि:

3. (क) शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएं:

| उत्तीर्ण परीक्षा | उत्तीर्ण/पूरा करने का वर्ष | संस्था | अंकों का %/ग्रेड | मुख्य विषय |
|---|---|---|---|---|
| हाई स्कूल/उच्चतर माध्यमिक/वरिष्ठ माध्यमिक | | | | |
| स्नातक | | | | |
| स्नातकोत्तर | | | | |
| पीएच.डी. | | | | |
| कोई अन्य | | | | |

(ख) प्रकाशित शोध पत्र (संक्षेप में विवरण लिखें):

| शोध पत्र का शीर्षक | पत्रिका का नाम | क्या संदर्भित है | किस अंक में प्रकाशित हुआ |
|---|---|---|---|

4. अनुभव का विवरण:

| कार्यालय/ संगठन | संगठन की गतिविधियाँ | संगठन की प्रकृति | धारित पद सहित वेतनमान, समेकित वेतन | सेवा की अवधि ........ से ....... तक | नियुक्ति की प्रकृति: नियमित/ तदर्थ / प्रतिनियुक्ति /मानद | कर्त्तव्य / कार्य का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |

5. अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसका उल्लेख आप अपनी उम्मीदवारी के समर्थन में करना चाहेंगे।

6. सरकारी संगठनों में कार्यरत उम्मीदवारों को सतर्कता मंजूरी और अनुबंध-I में दिए गए प्रारूप के अनुसार इस आशय की स्व-घोषणा प्रस्तुत करनी होगी कि उनके विरुद्ध कोई आपराधिक मामला लंबित नहीं है। इसी प्रकार, गैर-सरकारी संगठनों में कार्यरत उम्मीदवारों को अनुबंध-I में दिए गए प्रारूप के अनुसार स्व-घोषणा प्रस्तुत करनी होगी कि उनके विरुद्ध कोई आपराधिक मामला लंबित नहीं है।

7. संदर्भ के लिए दो व्यक्तियों के नाम, पते और टेलीफोन नंबर, जिनसे आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त जानकारी प्राप्त की जा सके।

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

पत्राचार के लिए पूरा पता ____________________

**अनुबंध- I**

**स्व-घोषणा - "कोई आपराधिक मामला नहीं"**

मैं, ……………………………………………………………………………………., पुत्र/पुत्री

श्री……………………………………………………………………………………...,

निवासी ....……………………………………………………………………………………

एतद्वारा सत्यनिष्ठा से घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने भारतीय पुनर्वास परिषद, नई दिल्ली के अध्यक्ष पद हेतु आवेदन किया है और मेरे विरुद्ध कोई आपराधिक मामला लंबित नहीं है और न ही मुझे पूर्व में किसी आपराधिक मामले में दोषी ठहराया गया है।

उम्मीदवार के हस्ताक्षर